कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444

पत्रांक- 1242 / 12-1, कोटबंगला दिनांक 08/10/2021

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
चिन्यालीसौड़।

विषय :– जनपद उत्तरकाशी में राज्य योजना के अन्तर्गत विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत बनगांव–चापड़ा–कसलाना मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 7.152 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक 1215/3 एल0ए0 दिनांक 14.09.2021।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कम में अवगत कराना है कि विषयगत प्रस्ताव में अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, देहरादून का पत्रांक 654/FP/UK/ROAD/21335/2016 दिनांक 04.09.2021 से कतिपय कमियां इंगित की गयी है, जिसका प्रतिउत्तर आपके उक्त सन्दर्भित पत्र से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त प्रस्ताव में इस वन प्रभाग के अन्तर्गत क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु कुल 6.834 हे0 सिविल सोयम भूमि चयनित की गयी है तथा सी0ए0 स्थल को डिजिटल व जीयो रिफरेंस मैप में 03 Patch में प्रदर्शित किया गया है किन्तु प्रस्ताव का ऑनलाईन अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ है कि आप द्वारा इस वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रस्तवित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल की के0एम0एल0 फाईल में 01 Patch तथा Patch का कुल क्षे0फ0 6.39 हे0 ही प्रदर्शित हो रहा है, जिससे की क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल में मतभेदता उत्पन्न हो रही है।

अतः उक्त के0एम0एल0 फाईल में संशोधन कर प्रस्ताव यथाशीघ्र इस कार्यालय को प्रेषित करें, ताकि प्रस्ताव में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जा सके।

भवदीय

(पुनीत तोमर)
प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

O/C